दिनांक 30.11.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

दूसरे दिन भी चला सर्विस रोड किनारे बेदखली अभियान

भिलाईनगर। निगम भिलाई द्वारा सर्विस रोड पर चलाया जा रहा बेदखली अभियान के दुसरे दिन 5 कंडम वाहन, 6 नग ठेला तथा 3 ग्लो साइन बोर्ड, बेनर पोष्टर को हटा कर वाहनो के आवागमन के लिए सड़क को खाली कराया गया तथा 20 स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 34 हजार 500 रूपये दांडिक शुल्क वसुल किया गया।

आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम द्वारा जी.ई.रोड से लगे सर्विस रोड पर चलाए जा रहे बेदखली अभियान के दूसरे दिन उत्तर दिशा के सर्विस रोड पर यातायात को बाधित करने वाले ठेला तथा कंडम वाहन को हटा कर सडक को बाधा मुक्त किया गया। सडक पर लगाए गये दुकानो के संकेतक बोर्ड , बेनर, पोष्ट को जप्त किया गया संजय नगर मे संचालित कार शो रूम द्वारा पुरा सर्विस रोड को घेर कर गेट लगाया गया तथा उसे जेसीबी से तोड कर सर्विस रोड के समतुल्य किया गया। कमला मेडिकल के पास , ट्रेवल्स एजेंसी, पैथालाजी लैब, मेडिकल स्टोर्स के ग्लो साइन बोर्ड जो जमीन मे गड़ा कर लगा रखे थे उसे भी जेसीबी से हटाया गया। अभियान के दुसरे दिन 20 स्थानो पर कार्रवाई कर 34 हजार 500 रूपये जुर्माना राशि वसुल किया गया है। आम नागरिकों के द्वारा निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान का लोगो में अच्छा प्रतिसाद रहा है। सर्विस रोड को खाली कराने का अभियान कल भी जारी रहेगा।

अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा है कि जीई रोड के दोनो किनारे व्यावसायी जिन्होंने सर्विस रोड के किनारे अवैध कब्जा या अतिक्रमण कर सड़क बाधा किए है वे स्वयं से अपना कब्जा हटा लेवे अन्यथा की स्थिति में निगम द्वारा जुर्माने तथा सामग्री जप्ती के साथ बेदखली की कार्यवाही की जाएगी।

अभियान मे अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त जोन 1 खिरोद्र भोई, सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू, बालकृष्ण नायडू, मलखान सिंह शोरी, व्ही.के.सेमुवल, कमलेश द्विवेदी, ओमप्रकाश चन्द्राकर, इमान सिंह, विरेंद्र वर्मा, धनराज नागपुरे,निरंजन असाटी,नंदकुमार सिन्हा, हरिओम गुप्ता सुपेला थाना से एएसआई एन.के.भदोरिया , प्रधान आरक्षक राकेश राय सहित यातायात पुलिस के जवान मौजूद रहे।